14/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज असम के डिब्रूगढ़ में छाबुआ के बालीजान गांव और तिनसुकिया जिले के कोर्डोइगुड़ी इलाके का में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर बाढ़ से हुई तबाही का निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री ने बाढ़ के मद्देनजर उठाए जा रहे एहतियाती उपायों और नदी तट के कटाव को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की।

0000000000000000000000

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने आज कहा कि, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद 34 बोइंग 787 विमानों की विस्तारित निगरानी के लिए आदेश जारी किया है। जिनमें से आठ का तत्काल निरीक्षण किया जा चुका है। आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि घटना की जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति भी बनाई जा रही है जिसमें गृह सचिव समिति के अध्यक्ष होंगे।

0000000000000000000000

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मरने वालों की संख्या दो सौ चौवन हो गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की गुजरात इकाई के अध्यक्ष मेहुल शाह ने चार मेडिकल छात्रों और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत की पुष्टि की है।

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की एक टीम ने दुर्घटनास्थल से विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया है। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने भी विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

0000000000000000000000

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में आने वाले महीनों के लिए पर्याप्त ऊर्जा आपूर्ति है। उन्होंने कल पेट्रोलियम सचिव और भारतीय ऊर्जा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। मंत्री द्वारा तेल आपूर्ति अपडेट महत्वपूर्ण है, क्योंकि कल ईरान पर इजरायली हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 17 जिलों ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, शी-योमी, लोअर सुबनसिरी, सियांग, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

0000000000000000000000

मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET अंडर ग्रेजुएट 2025 के नतीजे आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट - ntaneet.nic.in पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार

अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने कल राज्य सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ईटानगर के नीति विहार में मुख्यमंत्री कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। राज्यपाल ने राज्य सरकार से शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और पर्यटन पर राज्य के सतत विकास के चार प्रमुख स्तंभों को प्राथमिकता देना जारी रखने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक की अध्यक्षता में विशेष मंत्रिमंडल ने कल ईटानगर में आयोजित एक बैठक में राज्य में जलविद्युत के विकास पर कुछ निर्णय लिए गएं हैं। मंत्रिमंडल ने हाइड्रो इलेक्ट्रिक पॉवर्स से प्राप्त मुफ्त बिजली की आय से उत्पन्न राजस्व के प्रबंधन और उपयोग के लिए एक **एस्क्रो अकाउंट** बनाने को मंजूरी दी। प्रस्तावित सियांग अपर मल्टिपर्पज़ प्रोजेक्ट्स के संबंध में, मंत्रिमंडल ने प्रोजेक्ट के तहत उचित मुआवज़ा सुनिश्चित करने के लिए परियोजना प्रभावित परिवारों के साथ राज्य सरकार द्वारा निरंतर बातचीत की आवश्यकता पर फिर से जोर दिया।

मंत्रिमंडल ने भविष्य के लिए तैयार वैकल्पिक शहरों के निर्माण को सक्षम करने के लिए यूडी विभाग को यिंगकियोंग विकास प्राधिकरण और गेकू विकास प्राधिकरण के गठन का निर्देश दिया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल बांदरदेवा स्थित पुलिस ट्रैनिंग सेंटर में अरुणाचल प्रदेश पुलिस के उनचासवें बैच के पासिंग आउट परेड समारोह में भाग लिया। अपने संबोधन में श्री खांडू ने सभी नए भर्ती पुलिस से आग्रह किया कि वे आधिकारिक तौर पर विभाग में शामिल होने और राज्य भर में तैनात होने के बाद किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से खड़े हों।

0000000000000000000000

आज अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो में चेरोम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सिंघिक हॉल में एक सामूहिक सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना ने आज 419 नए युवा अधिकारियों का स्वागत किया। उत्तराखंड के देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (IMA) में भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया।

0000000000000000000000

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान में भारतीय नागरिक और भारतीय मूल के लोग जिन्हें मदद की ज़रूरत है, वे ईरान में भारतीय दूतावास के आपातकालीन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। संपर्क नंबर +98 9128109115 और +98 9128109109 हैं। इस बीच, इज़राइल में भारतीय दूतावास ने आज एक एडवाइजरी जारी की जिसमें इज़राइल में सभी भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने और इज़राइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया गया है। हेल्पलाइन नंबर +972 54-7520711 और +972 54-3278392 हैं।

0000000000000000000000